*No. of pages - 8*

**(E)**

# MID TERM EXAMINATION
## CLASS: XI
## SUBJECT: HINDI (Elective)

**Time : 3 HRS.** **M.M. 75**

***सामान्य निर्देश:***

1. *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दिए गए हैं*

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 8

प्राय: देखा गया है कि हम अपना पूरा जीवन यह दिखाने की कोशिश में लगा देते हैं कि हम क्या हैं और हम वह बताना चाहते हैं जो हम वास्तव में होते नहीं। इसलिए हम कभी भीतर से प्रसन्न नहीं हो पाते। सच यह है कि प्रसन्नता ढूंढने से नही मिलती, वह तो खुद को पा लेने, जान लेने के एहसास से मिलती है। खुद की तलाश अर्थात् अपने व्यक्तित्व का आकलन कर पाना सबसे कठिन काम है। अपने आपको प्राथमिकता, इच्छा-आकांक्षा के अनुरूप काम करें न कि दूसरों के जीवन में ताक-झाँक करें या उनकी नकल करें। जब हम अपना विश्लेषण करते हैं और अपने बारे में किसी निर्णय पर पहुंचते है या वस्तुपरक धारणा बनाते हैं तो हमें संतुष्टि होती है और शांति मिलती है। हमें लगने लगता है कि जन्म देने वाली माँ से लेकर पृथ्वी, चाँद, सूरज, फूल आदि सभी सजीव और निर्जीव वस्तुओं ने हमारे अनजाने ही हम पर अनेक उपकार किए हैं। प्रकृति का स्वभाव है कि वह माँ की तरह जीवन देती है और माँ की ही भांति हमारी आवश्यकताओं को पूरा करना अपना कर्त्तव्य समझती है। तब हमें रिश्तों के गाढ़ेपन का एहसास होता है और हमारे मन में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव जन्म लेता है।

(क) हम भीतर से प्रसन्न क्यों नहीं हो पाते? 2

(ख) हमें संतुष्टि व शांति कैसे मिल सकती है? 2

(ग) प्रसन्नता के बारे में क्या सच है? 1

(घ) सबसे कठिन कार्य किसे माना गया है? 1

(ङ) 'संतुष्टि' और 'प्रकृति' में उपसर्ग बताइये? 1

(च) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 1x5 = 5

नदिया ऊपर पुल बना, जुड़ा नगर से गाँव।
चिड़िया गूँगी हा गई अन्धी हो गई छाँव।।

हाथ कटे दस बीस के, मलमल हुई महीन।
सौ चर्खो की रुई को, काते एक मशीन।।

तोता, मैना, जलपरी, लाख मचाएँ शोर।
जिसके पर पैसों भरे, नाम उसी का मोर।।

ये भी, वो भी, और भी, एक से सबके रोग।
भाग रही हैं वस्तुएँ, दौड़ रहे हैं लोग।।

ताला, चाबी, चटखनी, दरवाजा, दीवार।
इक दूजे के खौफ से, बना है ये संसार।।

(क) नगर और गाँव के जुड़ने से क्या परिवर्तन आया?

(ख) 'हाथ कटे दस बीस के'–पंक्ति से क्या आशय है?

(ग) 'मोर' किसका प्रतीक है?

(घ) कौन-सा रोग सबको है?

(ङ) हम एक-दूसरे से डरते क्यों हैं?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:– 7

(क) आज की युवा पीढ़ी पर सोशल मीडिया का प्रभाव

(ख) भारत के विकास में सबसे बड़ी बाधा–जनसंख्या वृद्धि

(ग) कन्या भ्रूण हत्या से उत्पन्न होती सामाजिक समस्याएं

(घ) जहाँ चाह वहाँ राह

4. पिछले कुछ समय से लेन-देन न होने के कारण आपका बैंक खाता बंद कर दिया गया है। खाता पुनः चालू कराने के लिए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखें। 4

अथवा

बारिश के मौसम में जलभराव और गंदगी से फैलती बीमारियों की ओर ध्यान दिलाते हुए किसी स्थानीय समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 1x5 = 5

(क) अंतर्वैक्तिक संचार से आप क्या समझते हैं?

(ख) जन संचार के आधुनिक माध्यम कौन-कौन से हैं?

(ग) हिंदी का पहली समाचार पत्र कौन-सा था?

(घ) समाचार से आप क्या समझते हैं?

(ङ) जन संचार माध्यमों के संदर्भ में द्वारपाल से क्या अभिप्राय है?

6. जन संचार माध्यमों में आपको कौन-सा माध्यम सबसे अधिक पसंद है? कारण सहित उत्तर दीजिए? 4

अथवा

संपादन के विभिन्न सिद्धांतों का वर्णन कीजिए?

7. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:– 6

खेलन में को काको गुसैयाँ।

हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ।

जाति-पाँति हमतैं बड़ नाहीं, बसत तुम्हारी छैयाँ।

अति अधिकार जनावत यातैं जातैं अधिक तुम्हारै गैयाँ।

रूठहिं करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ-तहँ ग्वैयाँ।

सूरदास प्रभु खेल्यौइ चाहत, दाऊँ दियौ करि नंद दुहैयाँ।।

अथवा

गोकुल के कुल के गली के गोप गाउन के
जौ लगि कछू-को-कछू भाखत भनै नहीं।
कहैं पद्माकर परोस-पिछवारन के,
द्वारन के दौरि गुन-औगुन गनैं नहीं।
तौ लौं चलित चतुर सहेली याहि कौऊ कहूँ,
नीके के निचौरे ताहि करत मनै नहीं।
हौं तो स्याम-रंग में चुराई चित चोराचोरी,
बोरत तौं बोर्‌यौ पै निचोरत बनै नहीं।।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 3+3 = 6

(क) 'बालम आवो हमारे गेह रे' में कवि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों?

(ख) नायिका सपने में क्यों प्रसन्न थी और वह सपना कैसे टूट गया?

(ग) गोपन मन को भाषा देने से कवि का क्या आशय है?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पदों का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए:– 2+2 = 4

(क) हिंदुअन की हिंदुवाई देखी तुरकन की तुरकाई।
कहैं कबीर सुनो भई साधो कौन राह ह्वै जाई।।

(ख) 'देव' जियै मिलिबेही की आस कि, आसहू पास अकास रह्यो भरि,
जा दिन तै मुख फेरि हरै हँसि, हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि।।

(ग) ज्योति स्तंभ-सा धंस सरिता में

सूर्य क्षितिज पर होता ओझल,

वृहद् जिह्व विश्लथ केंचुल-सा

लगता चितकबरा गंगाजल!

4

10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:–

अब मुंशी जी इस तरह चुपचाप दुबके हुए खा रहे थे, जैसे पिछले दो दिनों से मौन-व्रत धारण कर रखा हो और उसको कहीं जाकर आज शाम को तोड़नेवाले हों।

सिद्धेश्वरी से जैसे रहा नहीं गया। बोली, 'मालूम होता है, अब बारिश नहीं होगी।'

मुंशी जी ने एक क्षण के लिए इधर-उधर देखा, फिर निर्विकार स्वर में राय दी, 'मक्खियाँ बहुत हो गई हैं।' सिद्धेश्वरी ने उत्सुकता प्रकट की, 'फूफा जी बीमार हैं, कोई समाचार नहीं आया।'

मुंशी जी ने चने के दानों की ओर इस दिलचस्पी से दृष्टिपात किया, जैसे उनसे बातचीत करने वाले हों। फिर सूचना दी, 'गंगाशरण बाबू की लड़की की शादी तय हो गई। लड़का एम.ए. पास है।'

अथवा

14 जनवरी 1848 को पुणे के बुधवार पेठ निवासी भिड़े के बाड़े में पहली कन्याशाला की स्थापना हुई। पूरे भारत में लड़कियों की शिक्षा की यह पहली पाठशाला थी। भारत में 3000 सालों के इतिहास में इस तरह का काम नहीं हुआ था। शूद्र और शूद्रातिशूद्र लड़कियों के लिए एक के बाद एक पाठशालाएँ खोलने में ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई को लगातार व्यवधानों, अड़चनों, लाँछनों और बहिष्कार का सामना करना पड़ा।

ज्योतिबा के धर्मभीरू पिता ने पुरोहितों और रिश्तेदारों के दबाव में अपने बेटे और बहू को घर छोड़ने पर मजबूर किया। सावित्री जब पढ़ाने के लिए घर से पाठशाला तक जाती तो रास्ते में खड़े लोग उसे गालियां देते, थूकते, पत्थर मारते और गोबर उछालते। दोनों पति-पत्नी सारी बाधाओं से जूझते हुए अपने काम में डटे रहे।

11. निम्नलिखित में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- 3+3 = 6

(क) 'बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई।'-इस कथन में 'बूढ़े हामिद' और 'बालिका अमीना' से लेखक का क्या आशय है?

(ख) भव्य पुरुष ने कहा-"जहां अंधकार है, वहीं प्रकाश है" इसका क्या तात्पर्य है?

(ग) 'गूंगे की आंखों में पानी भरा था। जैसे उसमें शिकायत थी, पक्षपात के प्रति तिरस्कार था।' क्यों?

12. 'अमरकांत' अथवा 'रांगेय राघव' का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए उनकी कृतियों एवं भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए। 4

अथवा

'सूरदास' अथवा 'पदमाकर' का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुए उनकी रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

13. सरकारी चेतावनी और बड़े-बुजुर्गों की मनाही के बावजूद लोग सिगरेट पीते हैं। क्या यह उचित है? अपने विचार व्यक्त कीजिए। 4

14. निम्न में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 4+4 = 8

(क) ''पराया घर तो लगता ही है, भाभी''–अपने भाभी–भाई के कमरे में श्याम को पराएपन का अहसास क्यों होता है?

(ख) एकांकी के आधार पर अम्मा के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) राधा, चन्द्रकांता संतति जैसी पुस्तकें छिपकर क्यों पढ़ती है?